

# तारीख पे तारीख : नजूल में पीएम श्री महाविद्यालय अतिक्रमण प्रकरण को मिली तो सिर्फ तारीख

## पीएम श्री एक्सीलेंस कालेज सीधी के भूमि में अतिक्रमण चिन्हित हुए हो गये 5 वर्ष, वर्षों से नजूल में चल रहे प्रकरण का नहीं हो सका निर्णय

**सीधी 9 नवम्बर। नजूल में पीएम श्री महाविद्यालय अतिक्रमण प्रकरण को सिर्फ तारीख पे तारीख मिल रही है। पीएम श्री एक्सीलेंस कालेज सीधी के भूमि में अतिक्रमण चिन्हित हुए 5 वर्ष हो गये। वर्षों से नजूल में चल रहे प्रकरण का निर्णय नहीं हो सका।**

जिला मुख्यालय में संचालित पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज को अपनी भूमि अतिक्रमण से बचाना एक चुनौती हो गई है। कॉलेज परिसर में दर्जनों खपरैल आवास बनाकर लोग अतिक्रमण कर वर्षों से रह रहे हैं। जिनको हटाने की सार्थक पहल वर्ष 2020 में तत्कालीन अपर कलेक्टर द्वारा की गई थी। उनके निर्देश पर राजस्व के गठित दल के सीमांकन में चिन्हित अतिक्रमण नजूल तहसील में विचाराधीन होने के चलते नहीं हट सका। ऐसे में कॉलेज के भूमि दिनोंदिन घट रही है और अतिक्रमणकारियों का कब्जा बढ़ता जा रहा है। बताया गया कि पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज की 56 एकड़ भूमि अतिक्रमण के चलते लगातार सिकुड़ रही है। चारों तरफ से अतिक्रमणकारी कब्जा कर रहे हैं और कॉलेज प्रबंधन बेबस नजर आ रहा है। कॉलेज परिसर और खेल मैदान में अतिक्रमणकारियों का शिकंजा कसता जा रहा है।

अब तो कॉलेज के खेल मैदान में भी अतिक्रमण शुरू हो गया है। खेल मैदान में बाउंड्रीवाल ना होने के कारण इसका दुरूपयोग हो रहा है और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को खेल मैदान की सुविधा नहीं मिल पा रही है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज सीधी के कॉलेज परिसर एवं खेल मैदान में अतिक्रमण को लेकर राजस्व विभाग को कई बार पत्र लिखा गया लेकिन उस कार्रवाई की बजाय संबंधित अधिकारी ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। यह दीगर बात है कि पत्र देने के दौरान अधिकारियों द्वारा सीमांकन करने की बात कहीं जाती है लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती। अब तो हालात यह है कि कॉलेज परिसर में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के बने सरकारी आवास के सामने भी गोमती एवं टपरा बनाकर लोग अतिक्रमण करने लगे हैं। जिसके चलते प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को अपने आवास में आने-जाने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज सीधी के अतिक्रमणों को हटवाने को लेकर गंभीर नहीं हैं। जिसका सीधा असर कॉलेज में दिख रहा है।



### पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज के अतिक्रमण का मामला नजूल तहसील में लटका...

पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज भूमि का वर्षों पहले तत्कालीन अपर कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व के गठित दल के सीमांकन में चिन्हित अतिक्रमण नजूल तहसील में विचाराधीन होने के कारण नही हटा

नशेड़ियों का अड्डा बना कॉलेज परिसर

कई बार पत्राचार के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण : पीके

अतिक्रमण का शिकार है कॉलेज परिसर : सौरभ

इनका कहना है

### अतिक्रमणकारियों को मिल रहा संरक्षण

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी की भूमि पर अतिक्रमण कर घर बना लिये गये हैं। अतिक्रमणकारी इन घरों को किराये से देकर हजारों रूपये कमा रहे हैं। अतिक्रमण हटाने को लेकर नजूल तहसील कार्यालय में करीब 5 साल से प्रकरण विचाराधीन है। कई तहसीलदार बदल चुके हैं लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर निर्णय नहीं हो सका। जानकारों का कहना है कि अतिक्रमणकारियों को खुला संरक्षण मिलने के कारण उनके हौंसले बुलंद हैं। वर्षों से रहने वाले अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई ना होने से अब तो नये-नये अतिक्रमण होने लगे हैं। इन अतिक्रमणकारियों पर जिला प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है।

### इनका कहना है

संजय गांधी महाविद्यालय के अतिक्रमण पर पटवारी और आरआई से रिपोर्ट मांगा गया था। रिपोर्ट ना मिलने के कारण उनके कार्यकाल में निर्णय नहीं हो सका था। इसी दौरान उनका स्थानांतरण हो गया है।

**संतोष अरिहा, तत्कालीन नजूल तहसीलदार, गोपदबनास**

संजय गांधी महाविद्यालय सीधी के अतिक्रमण पर उनके द्वारा रिपोर्ट दिया गया था। बाद में पटवारी प्रतिवेदन बनाकर दे दिया गया था। पटवारी और आरआई से मांगा गया जवाब भी नजूल तहसीलदार न्यायालय में दिया जा चुका है।

**सतमन्यु विश्वकर्मा, तत्कालीन पटवारी, हल्का करौंदिया**

महाविद्यालय के अतिक्रमण को लेकर चल रहे प्रकरण पर आवश्यक जानकारी ली जायेगी। आगे वर्जन देने के लिये मैं अधिकृत नहीं हूं।

**मीनाक्षी जायसवाल, नजूल तहसीलदार, गोपदबनास**

# ऋषिकेश फाउंडेशन ने किया 'गाय है तो गांव है' कछुआ चाल रैली का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवम्बर। ऋषिकेश फाउंडेशन की बाल टोली 'मोगली पलटन द्वारा गाय है तो गाँव है विषय पर कछुआ चाल साइकिल रैली का आयोजन इस माह भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार माह के दूसरे रविवार 9 नवम्बर को किया गया।**



रैली ग्राम हनुमानगढ़ स्थित स्व.चन्द्रप्रताप तिवारी स्मारक स्थल से प्रारंभ होकर गांव की प्रमुख सड़क से होती हुई गांव के दूसरे छोर पर सम्पन्न हुई। रैली में गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विशेषता यह रही कि रैली का नेतृत्व और प्रबंधन स्वयं बच्चे करते हैं। रैली के दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह और ग्रामीणों में कौतूहल बरकरार रहा। रैली में गाय की महत्ता को उजागर करते नारे सड़कों पर गूंजते रहे। इसका उद्देश्य बच्चों को सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय ग्रामीण जीवन की मूल चेतना गौ-संवर्धन से जोड़ना है। रैली के दौरान मोगली पलटन द्वारा तैयार गाय की चिट्ठी भी ग्रामीण जनों को वितरित की गई। इस पत्र के माध्यम से बच्चों ने गाय के दृष्टिकोण से उसकी स्थिति और उपयोगिता को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया। चिट्ठी में गाय के बहुआयामी महत्व कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था में उसकी भूमिका पर सरल भाषा में जानकारी दी गई। रैली के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि गाय न केवल भारतीय संस्कृति की आत्मा है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलाधार भी बन सकती है। गाय आधारित कृषि, गोबर गैस, जैविक खाद और पंचगव्य जैसे उत्पादों के माध्यम से यह स्वच्छ, सतत् और आत्मनिर्भर रोजगार प्रदान करने में सक्षम है। यह पहल गांवों में पर्यावरण-जागरूकता और तर्कशील मूल्यों के पुनर्स्थापन की दिशा में एक सशक्त अभियान बनती जा रही है।

# सांसद ने बेटी व मेडिकल टीम के साथ मिलकर घायल युवक की बचाई जान

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवम्बर। सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय कर्तव्य का अद्भुत उदाहरण सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने शनिवार को प्रस्तुत किया। ग्राम बहेरा ढोल निवासी राम पाण्डेय पिता रामलखन पाण्डेय 20 वर्ष की नेबुहा-लोबाई मार्ग पर बाइक और ट्रैक्टर की हुई तेज टक्कर में गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। युवक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर रीवा रेफर करने की तैयारी कर रहे थे।**



इसी बीच घटना की गंभीर जानकारी लवलेश द्विवेदी ने सांसद डॉ.मिश्रा को फोन के माध्यम से दी। स्थिति की गंभीरता समझते हुए सांसद बिना किसी देरी के तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने उपचार की कमान स्वयं संभाली। इस दौरान सांसद के साथ उनकी बेटी एवं चिकित्सक डॉ.रंजना शुक्ला मिश्रा जो नर्सिंग होम में पदस्थ हैं चिकित्सा सेवा में सक्रिय रहीं। उनके साथ डॉ.सतेन्द्र शुक्ला भी पूरी प्रक्रिया में शामिल रहे। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों चिकित्सकों की टीम डॉ.राजेश मिश्रा, डॉ.रंजना शुक्ला मिश्रा और डॉ.सतेंद्र शुक्ला ने परामर्श कर तत्काल सर्जरी करने का निर्णय लिया। ऐसे संकटपूर्ण समय में संयुक्त रूप से की गई त्वरित सर्जरी सफल रही और युवक की जान बचा ली गई। सांसद डॉ.मिश्रा ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि युवक की हालत बेहद गंभीर है इसलिए समय बर्बाद किए बिना आपातकालीन उपचार शुरू करना अत्यंत आवश्यक था। सांसद का यह मानवीय कदम पूरे जिले में प्रशंसा का विषय बन गया है। लोग कह रहे हैं यह केवल राजनीति नहीं, सच्ची जनसेवा है।

# संघ के कार्यकर्ताओं ने दिखाई संवेदनशीलता, गौ माता की बचाई जान

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवम्बर। भारतीय भवन एवं अन्य संनिर्माण मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने मानवीय संवेदनशीलता और सेवा भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार एक गौ माता पहाड़ से फिसलकर नीचे गिर गई थी और गंभीर रूप से घायल होकर फंस गई थी। घटना की सूचना मिलते ही संघ के कार्यकर्ताओं ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया।**



संभागीय उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पूरी लगन और साहस के साथ गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय भवन एवं अन्य संनिर्माण मजदूर संघ केवल मजदूरों के अधिकारों के लिए ही नहीं बल्कि समाज और जीव-जंतुओं की सेवा के लिए भी सदैव तत्पर रहता है। सेवा ही संगठन की असली पहचान है। स्थानीय लोगों ने संघ के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में करुणा और संवेदना की भावना को जीवित रखते हैं।

# संतोष कुमार यादव बने असिस्टेंट प्रोफेसर

नवभारत न्यूज



**मझौली 9 नवम्बर। ग्राम बोदारी, चमराडोल तहसील मझौली निवासी संतोष कुमार यादव जो वर्तमान में सहकारी निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में राजनीति विज्ञान विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।**

संतोष कुमार यादव की यह उपलब्धि ग्रामीण प्रतिभा, निरंतर परिश्रम और लगन का जीवंत उदाहरण है। उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे ग्राम, समाज और जिले को गर्व की अनुभूति हुई है। मामाजी विद्याधर यादव, भैया रामखेलावन यादव, अनिल यादव, संजय यादव, मित्र सुमित शर्मा, ज्ञानू सोनी रवि सहित समस्त जिलावासियों, स्थानीय जनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# न्यायोत्सव : न्याय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प

## विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत मैराथन दौड़ एवं भव्य विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवम्बर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार 9 नवम्बर 2025 को भव्य मैराथन दौड़ एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनकर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, सीएमएचओ, एसडीएम, विद्युत विभाग के वरिष्ठ अभियंता, डीईओ सहित अन्य अधिकारी, अधिवक्ता तथा विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मैराथन दौड़ का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर से होकर गांधी चौक तक किया गया, जिसमें जिले के अनेक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी के लिए न्याय, विधिक अधिकारों की जानकारी सबको जैसे नारों से पूरा शहर विधिक चेतना और ऊर्जा से गूंज उठा। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर लक्ष्मण सिंह, द्वितीय राजेश यादव तथा तृतीय प्रद्युम्न पाण्डेय रहे। वहीं छात्रा वर्ग में प्रथम आराधना सिंह, द्वितीय दीपा सिंह तथा तृतीय सीमा सिंह रहीं।

कार्यक्रम का संचालन मुकेश शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने इस आयोजन को विधिक चेतना के प्रसार की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल बताया। विधिक सेवा सप्ताह के क्रम में 10 नवम्बर 2025 को जिला जेल सीधी में भी एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों, पुनर्वास प्रक्रियाओं और मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं की उपलब्धता के बारे में शिक्षित करना है। कानूनी सहायता प्राप्त कैदियों के लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और समय पर न्याय सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने और समाज में उनके प्रभावी पुनर्मिलन में सहायता के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और सहायता सुझाव भी साझा किए जाएंगे।





# रोली मेमोरियल में चतुर्थ दिवस बही श्री रामकथा की रस वर्षा

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवम्बर। रोली मेमोरियल सीधी में श्रीरामकथा की चतुर्थ संध्या में स्वामी मैथिलीशरण जी कथा को विस्तृत स्वरूप प्रदान करते हुए कहा कि सबके प्रति सम भाव रखना भाव की दृष्टि से तो संभव है पर व्यवहार भेद के बिना व्यवहार नहीं चल सकता है।**

जब हम व्यवहार में समानता दिखाने का प्रयास करते हैं और अंदर भेद बना रहता है तब व्यक्ति और समाज में मानसिक विकृति उत्पन्न होती है। भगवान विष्णु के पार्षद जय और विजय जो भगवान की ही तरह रूप रंग और वेष से विष्णु ही लगते थे पर उन्हें भगवान की इस समता में भगवान की कृपा और करुणा न दिखाई देकर अपनी विशेषता दिखाई देने लगी कि हम भी तो वही हैं जो विष्णु हैं। परिणाम यह हुआ कि भगवान विष्णु के परम भक्त सनकए सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार जो वेद के चार महाबाक्यों के स्वरूप हैं उन्हीं को भगवान से मिलने से रोकने लगे। परिणामस्वरूप इनको रावण और कुंभकर्ण बनना पड़ा। आत्म-प्रशंसा को मानसिक रोग बताते हुए स्वामी जी कहते हैं कि हनुमान जी को लंका जाते समय सुरसा ने अपने मुख में ले जाना चाहा पर हनुमान जी को वह खा नहीं सकी, क्योंकि हनुमान जी में बड़े होने और छोटे होने की कला और विवेक दोनों है। सारे कार्य करने की व्याख्या में कहा कि किसी एक प्रकार का गुण हमें किसी एक दिशा में लोकोत्तर बना सकता है पर जिसके जीवन में सारे गुण भगवत्कृपा से प्राप्त होते हैं वह जीवन में प्रतिक्षण विवेक का प्रयोग करते हुए विवेक के देवता गणेश की तरह लक्ष्मी और गणेश दोनों के साथ पूजित होता है।

आज की कथा में प्रमुख रूप से डॉ.रामलला शर्मा, इन्द्रशरण सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, कन्हैया सिंह, चन्द्रमोहन गुप्त, मंगलेश्वर सिंह, जितेन्द्र तिवारी, बृजेन्द्र प्रसाद मिश्र, कमल त्रिपाठी, वीरेन्द्र सिंह, सूर्यपाल सिंह, आलोक सिंह, अभिमन्यु सिंह, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, कुमुद कुमार पाण्डेय, जगदीश प्रसाद मिश्र, जवाहर लाल पाण्डेय, मीना गुप्ता, मीना सिंह, पुष्पा सिंह, सुजाता मिश्रा, राधा सिंह आदि प्रबुद्ध श्रोता उपस्थित रहे।

# लंपी स्किन डिजीज से बचाव के लिए पशुपालक रहें सतर्क

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवम्बर। उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग सीधी ने बताया कि लंपी स्किन डिजीज एक वायरस जनित रोग है, जो मुख्यत: सर्दियों के मौसम (अक्टूबर से फरवरी) के बीच गौवंश एवं भैंसवंशीय पशुओं को प्रभावित करता है।**

उन्होंने बताया कि इस रोग से पीड़ित पशुओं को तेज बुखार आता है, वे भोजन करना बंद कर देते हैं, तथा कुछ समय बाद उनके शरीर पर गांठ जैसी सूजन या उभार दिखाई देने लगते हैं। सामान्य परिस्थितियों में यदि पशु का नियमित उपचार कराया जाए तो यह बीमारी प्राणघातक नहीं होती और पशु 3 से 5 दिनों में स्वस्थ हो जाता है। नवजात पशुओं जैसे बछड़ा, बछिया, पड़वा एवं पड़िया में इस बीमारी की तीव्रता अधिक होती है तथा मृत्युदर भी अपेक्षाकृत ज्यादा पाई गई है। उपसंचालक ने पशु पालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को संक्रमित पशुओं के संपर्क में न आने दें तथा उन्हें बाहर खुले में न छोड़ें। उन्होंने बताया कि लंपी स्किन डिजीज से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण है, और इस बीमारी के विरुद्ध आवश्यक वैक्सीन पशुपालन एवं डेयरी विभाग में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। पशुपालक अपने पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण कराने के लिए नजदीकी पशुचिकित्सालय, पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र या उपकेन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

# राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने एवं मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार लाने का संकल्प

## सीधी में प्रबुद्ध समाज की जिला स्तरीय चिंतन बैठक आयोजित, 2026 के राज्यसभा चुनाव में रीवा संभाग के प्रबुद्ध समाज को प्रतिनिधित्व देने की उठी मांग

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवम्बर। जिला मुख्यालय स्थित इंद्रराज पैलेस सीधी में आज प्रबुद्ध समाज की जिला स्तरीय चिंतन बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सीधी जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रमुख प्रबुद्ध कांग्रेसी/ समाजसेवी शामिल हुए।**



बैठक में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में हाथ उठाकर राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाने तथा मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया। पंडित गिरिजेश कुमार पाण्डेय तथा पंडित विनोद शर्मा के नेतृत्व में जारी प्रबुद्ध समाज की 6 सितम्बर 2025 को रीवा में हुई सम्भागीय बैठक में रीवा सम्भाग के सभी जिलों के प्रबुद्ध कांग्रेस प्रतिनिधियों ने प्रत्येक जिले में चिंतन बैठकों के आयोजन का प्रस्ताव पारित किया था। इसी क्रम में सर्वप्रथम 21 सितम्बर को सतना, 26 सितम्बर को सिंगरौली तथा 11 अक्टूबर को मऊगंज में जिला स्तरीय चिंतन बैठकें सम्पन्न हुईं। जिनके पश्चात सीधी जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी की सोच जितनी जिसकी संख्या भारी, उतनी उसकी भागीदारी के सिद्धांत के आधार पर प्रबुद्ध समाज को पार्टी संगठन और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक संगठन में निचले स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक तथा स्थानीय संस्थाओं के चुनाव से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों में राहुल गांधी की यह सोच पूरी तरह लागू नहीं होगी, तब तक प्रबुद्ध समाज एवं जनमानस का पार्टी से जुड़ाव मजबूत नहीं होगा। संगठन को सशक्त और जनआधारित बनाने के लिए इस प्रक्रिया को अपनाना आवश्यक है। तभी संभाग में पार्टी खोया हुआ वर्चस्व पुन: स्थापित हो सकेगा। चिंतन बैठक में रीवा संभाग के प्रबुद्ध समाज को आगामी राज्यसभा चुनाव 2026 में प्रतिनिधित्व देने की पुरजोर मांग भी की गई। उपस्थितजनों ने एक स्वर से कांग्रेस आलाकमान से आग्रह किया कि रीवा संभाग के प्रबुद्ध समाज को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व देकर पार्टी में उनके योगदान और निष्ठा को सम्मानित किया जाए। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने संगठन को मजबूत करने, जनता के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में प्रबुद्ध समाज सक्रिय भूमिका निभाएगा ताकि कांग्रेस पार्टी पुन: सत्ता में आकर जनता की उम्मीदों पर खरी उतर सके। बैठक का संचालन पंडित सुदीप ने किया। बैठक का संचालन सुदीप द्विवेदी ने किया तथा आभार लक्ष्मीकांत शुक्ल ने किया। आये हुए अतिथियों का स्वागत भाषण ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने किया। बैठक में सत्यप्रकाश शुक्ला, जगदीश मिश्र, उपेंद्र मिश्र, दिनेन्द्र द्विवेदी, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री सहित सैकड़ों की तादाद में प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया।

### बैठक को इन्होंने किया संबोधित

बैठक को लक्ष्मण तिवारी, चिंतामणि तिवारी, गिरिजेश कुमार पाण्डेय, विनोद शर्मा, रामअशोक शर्मा, अमित द्विवेदी पूर्व महामंत्री पीसीसी, महिपत शुक्ला, रमाशंकर शुक्ल, दरोगा पाठक, सूर्य कुमार द्विवेदी, शिव कुमार पाण्डेय, पं.अभिषेक, दिनेन्द्र द्विवेदी, विष्णुशरण, भास्कर मिश्र, डॉ.हेमंत तिवारी, विनय मिश्र सहित अन्य वक्ताओं ने विचार साझा किया। अतिथियों का श्रीफल और यज्ञोपवीत से स्वागत करूणा सिंधु परौहा, बृजेश तिवारी, पुष्पेंद्र पाठक, सुशील पाण्डेय, शिवेंद्र द्विवेदी ने किया।